आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 25.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- भारत और फिजी के बीच स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, रक्षा सहित सात समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच नया अध्याय बताया।

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विद्यार्थियों में समाज और देशहित के लिए काम करने की सोच विकसित करने का आह्वान किया।

- पूर्वी राजस्थान में अत्यधिक बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर जिला कलेक्टरों को सर्वे के निर्देश।

- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आरजीएचएस योजना को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**000**

भारत और फिजी ने स्वास्थ्य और मानकीकरण, क्षमता निर्माण तथा कई बड़ी परियोजनाओं के बारे में सात समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद श्री मोदी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। श्री मोदी ने बताया कि दोनों देश रक्षा और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

000

प्रधानमंत्री इसके बाद दो दिन की गुजरात यात्रा पर अहमदाबाद पहुंचे। वे पांच हजार चार सौ करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देगें और जनसभा को सम्बोधित करेगें।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना और उनके आध्यात्मिक विकास पर जोर देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें विद्यार्थियों में समाज और देशहित के लिए काम करने की सोच विकसित करनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने जोधपुर में आदर्श डिफेन्स और स्पोर्ट्स एकेडमी के लोकर्पण समारोह में ये बात कही। उन्होंने इस संस्थान को रक्षा और शिक्षा का संगम बताया।

000

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस अवसर पर कहा कि ये केन्द्र बच्चों में अनुशासन और राष्ट्र सेवा के नये द्वार खोलेगा। दूर दराज के गांवों में रहने वाले बच्चों के सपने इसके माध्यम से पूरे हो सकेंगे।

000

लाल सागर परियोजना के नाम से विकसित हो रही इस एकेडमी पर करीब 110 करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी। पहले चरण में 30 करोड़ रूपये की लागत से 400 से ज्यादा छात्राओं की क्षमता वाले हॉस्टल का निर्माण किया गया है। यहां 200 विद्यार्थी रक्षा क्षेत्र और 200 खेल क्षेत्र के लिए तैयार किये जाएंगे। कार्यक्रम में भामाशाहों का सम्मान भी किया गया।

000

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश की प्रत्येक धरोहर के संरक्षण और सुरक्षा पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि धरोहर स्थल हमारी संस्कृति और पहचान के जीवन्त प्रमाण हैं। इनके संरक्षण का काम प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने आज आमेर किले की हाल ही में क्षतिग्रस्त हुई प्राचीर का जायजा लिया और अधिकारियों को मरम्मत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने आमेर दुर्ग परिसर में बैठक कर आमेर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने भी चर्चा की। इस प्लान में किले की दीवारों के नवीनीकरण, स्मारकों के संरक्षण, लाइवक्राफ्ट एरिया और फूड कोर्ट तथा यातायात प्रबंधन को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाएंगी।

000

प्रदेश के विद्यार्थियों को मताधिकार और नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन विभाग और शिक्षा विभाग के बीच एमओयू किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन और स्कूल शिक्षा विभाग शासन सचिव कृष्ण

कुणाल ने इस पर हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत राज्य के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सरकारी और निजी स्कूलों में निर्वाचन साक्षरता क्लब और मतदाता जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज विकसित राजस्थान–2047 की रूपरेखा, जनहित योजनाओं के कियान्वयन और बजट घोषणाओं की प्रगति को लेकर सांसदों और विधायकों से संवाद किया। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद प्रत्याशी और विधायक प्रत्याशियों ने भी भाग लिया। इस दौरान उनके क्षेत्र के अनुसार विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मीडिया से बातचीत में गृहमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनप्रतिनिधियों से जनता के प्रति पूरी जवाबदेही के साथ काम करने का आह्वान किया गया।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हाल ही में हुई अत्यधिक बारिश के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर जिला कलेक्टरों को सर्वे के निर्देश दिये गये हैं।

000

प्रदेश में अगले तीन–चार दिन तक कुछ स्थानों पर भारी और कहीं–कहीं भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने आज कई जिलों में बरसात का ऑरेंज और येलो अलर्ट बताया है। इस बीच बीते चौबीस घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं कुछ जगह भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई। सिरोही के केर में 19 सेंटीमीटर पानी बरसा। नागौर में 17, उदयपुर के खैरवाड़ा और जालौर 16–16 सेंटीमीटर पानी बरसा। इसके अलावा सीकर, राजसमंद, डूंगरपुर, हनुमानगढ़ में 10–10 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। इस बीच सलूम्बर और सवाईमाधोपुर में नदी–नाले उफान पर हैं। कई स्थानों पर सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हैं। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि बारिश का दौर धीमा पड़ने के बाद जलभराव की स्थिति सामान्य होने लगी है।

.000

करौली जिले के सपोटरा क्षेत्र का काठडा पानी से घिरा हुआ है। अजमेर शहर में रिहायशी इलाकों से पम्प के जरिए पानी की निकासी कर लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। जिले के सभी छोटे–बड़े जलाश्य लबालब हैं और वरूण सागर पर चादर चल रही है। हनुमानगढ़ में दो दिनों से रूक रूक कर बारिश का दौर बना हुआ है। निचले इलाकों में पानी भरने से आवागमन प्रभावित है। डूंगरपुर का मेवाडा बांध छलक रहा है। डूंगरपुर के सोम कमला अम्बा बांध के सभी 9 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। उधर पाली के जवाई बांध में भी पानी आना लगातार जारी है। चूरू में बीते चौबीस घंटों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। तेज बारिश की आंशकां को देखते हुए कोटा विश्वविद्यालय की कल होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि आरजीएचएस योजना को पारदर्शी और व्यवस्थित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि लाभार्थियों को इलाज की उचित सुविधा मिले, इसके लिए निजी अस्पतालों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि योजना को बेहतर बनाने के लिए निजी अस्पतालों को सुझाव देने चाहिए।

000

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली के एम्स की तर्ज पर जयपुर में रिम्स की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए विधानसभा में **राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, विधेयक–2025** पेश किया जाएगा। रिम्स में विश्वस्तरीय सुविधाओं से उपचार होगा। ये एक स्वायत्त संस्थान के रूप में काम करेगा।

000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज से शुरू हुए बाबा रामदेव मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये रेल्वे विशेष गाड़ियां चला रहा है। रेलवे ने एक और मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन आज से शुरू किया है। ये रेलगाड़ी भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से आशापुरा–गोमट मेला पहुंचेगी।

बाड़मेर जिले में बाबा रामदेव की जन्म स्थली पर भी आज से भादवा मेले की शुरूआत हुई। बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने ध्वाजारोहण कर मेले का शुभारम्भ किया। उधर धौलपुर जिले में लोक देवता बाबू महाराज के वार्षिक मेले का आयोजन हो रहा है। चार दिन के इस मेले में देशभर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। वहीं सवाईमाधोपुर का रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मेला कल शुरू होगा। इसके लिए पद यात्रियों और अन्य श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गये हैं।

000